>

Title: Problems of differently disabled employees in the Country.

श्री दानवे रावसाहेब पाटील (जालना): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बहुत महत्वपूर्ण विषय की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। इस देश में विकलांग कर्मचारियों की संख्या की बड़ी तादाद है। तीस लाख कर्मचारियों की समस्या की ओर सरकार अनदेखी कर रही है। जो कर्मचारी नौकरी करते हैं, उन्हें पदोन्नति के लिए केवल तीन परसेंट रिजर्वेशन दिया जाता है, उसे दस परसेंट किया जाए। जो कर्मचारी काम करते हैं उनकी रिटायरमेंट उम्र साठ साल है, इसे पैंसठ साल किया जाए। जब कर्मचारी नौकरी के बाद रिटायर होते हैं तो मेडिकल एलाउंस नहीं मिलता है, इन्हें मेडिकल एलाउंस 2000 रुपए प्रति माह दिया जाए। मैं आपके माध्ममयम से विकलांगों की समस्या की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं।